# 22-A

## SUMMATIVE ASSESSMENT - I (2017 - 18)
## Second Language - HINDI
## Part - A & B

**Class : IX** (Max. Marks : 80) **Time : 2.45 Mts.**

*सूचना :-* 1) प्रश्न - पत्र पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय निर्धारित है।
2) प्रश्न पत्र लिखने के लिए 2.30 घंटे का समय निर्धारित है ।
3) भाग 'A' के प्रश्नों के उत्तर, उत्तर पुस्तिका में लिखिए ।

**Marks : 60** **PART - A**

**I. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए ।**
**प्रत्येक भाग (1, 2, 3, 4) के लिए पाँच - पाँच अंक निर्धारित हैं ।**

**1. निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए ।**

एक राजा था। वह बहुत ही सुंदर महल में रहता था। उसे अपने महल पर बहुत गर्व था। संसार के कोने-कोने से यात्री महल देखने आते थे। यात्रियों ने अपने यात्रा वर्णन में महल की सुंदरता के बारे में कई बातें लिखीं। उन्होंने एक गानेवाली चिड़िया के बारे में भी लिखा था। यह चिडिया महल के पास वाले जंगल में रहती थी और बहुत मधुर स्वर में गाती थी।

प्रश्न : **5 x 1 = 5**

1. सुंदर महल में कौन रहता था?
2. यात्री लोग यात्रा वर्णन में किसके बारे में लिखा?
3. गानेवाली चिडिया कहाँ रहती थी?
4. गानेवाली चिडिया का गाना कैसा था?
5. 'संसार'-शब्द का पर्याय वाची शब्द क्या है?

**2. निम्न लिखित गद्यांश पढ़कर दिये गये विकल्पों से प्रश्नों के उत्तर चुनिए।**

भारत में चिकित्सक दिवस डॉ विधान चंद्रॉय की पुण्यतिथि के दिन पहली जुलाई को मनाया जाता है। वे मशहूर फीजिशियन थे। उन्होंने अपना जीवन मानव सेवा में समर्पित कर दिया। डॉ. विधान चंद्र का जन्म 1 जुलाई 1882 में हुआ था और मृत्यु भी 1 जुलाई को ही 1962 में हुई थी। डा. रॉय के योगदान को देखते हुए, 4 फरवरी 1961 को उन्हें देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया।

प्रश्न :- 5 x 1 = 5

1. भारत में चिकित्सक दिवस किनकी याद में मनाते हैं?

A) डॉ. विधान चंद्र रॉय B) डॉ. विपिन चंद्र रॉय

C) डॉ. गुलाबराय D) डॉ. यल्लाप्रगड सुब्बाराव

2. चिकित्सक दिवस भारत देश में कब मनाते हैं?

A) एक जुलाई B) दस जुलाई C) चार फरवरी D) चार जुलाई

3. डॉ. विधानचंद्र राय का जन्म कब हुआ?

A) सन् 1962 B) सन् 1961 C) सन् 1882 D) सन् 1861

4. भारत देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान क्या है?

A) ज्ञान पीठ B) साहित्य अकादमी

C) दादा साहब फाल्के D) भारत रत्न

5. 'जन्म' का विलोम शब्द पहचानिए।

A) मृत्यु B) जनन C) आजन्म D) कर्म

**3. निम्न लिखित कविता पढ़कर प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनकर लिखिए।**

होठों पे सचाई रहती है,
जहाँ दिल में सफाई रहती है।
हम उस देश के वासी हैं,
जिस देश में गंगा बहती है।।

मेहमाँ जो हमारा होता है,
वो जान से प्यारा होता है,
ज्यादा का नहीं लालच हमको,
थोडे में गुजारा होता है।

प्रश्न :- 5 x 1 = 5

1) भारतीयों के होठों पर क्या रहती है?

2) भारतीय किस नदी को अत्यंत पवित्र मानते हैं?

3) हम भारतीय मेहमानों को कैसे मानते हैं?

4) जान से प्यारा होना - इसका अर्थ क्या है?

5) इस गीत के गीतकार कौन थे?

4. निम्न लिखित कवितांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर विकल्पों से चुनकर लिखिए।

चहुँ ओर खुशहाली का आलम
वर्षा ऋतु जो आयी है,
संग अपने पेड-पौधों की
अप्रतिम हरियाली भी वह लायी है।
देखो मेंढक आ खुश हो, फिर से है टर्राया
वेचारा सूर्यमुखी मुरझाया।

प्रश्न :- 5 x 1 = 5

1. वर्षा ऋतु के आने से चारों ओर क्या फैली है?
   A) दुखहाल B) खुशहाली C) सोच D) पीडा
2. खुश होकर कौन टर्राता है?
   A) कोयल B) झिल्ली C) मेंढक D) मोर
3. सूर्यमुखी फूल किस के छिपने से मुरझाया?
   A) चाँद B) तारे C) सूरज D) मेघ
4. इस पदयांश में किस ऋतु के बारे में बताया?
   A) ग्रीष्म B) वर्षा C) वसंत D) हेमंत
5. पेड-शब्द का बहुवचन रूप पहचानिए।
   A) पेड B) पेडें C) पेडो D) पेडियाँ

II. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में लिखिए । 6 x 3 = 18

5. शैलेंद्र कुमार जी ने गीत में मिलजुलकर रहने की बात क्यों कही?
6. विपत्तियों का सामना करने में, प्रकृति से हमें कैसी प्रेरणा मिलती है?
7. 'परोपकार में ही जीवन का सच्चा सुख निहित है'.... अपने विचार बताइए।
8. 'जल संरक्षण मानव का दायित्व हैं - समझाइए।
9. बच्चों के विकास में पाठशाला की भूमिका कैसी होनी चाहिए?
10. 'तारे जमीं पर' समीक्षा का निष्कर्ष क्या है?

III. किसी एक प्रश्न का उत्तर 6 या 8 पंक्तियों में लिखिए । 6

11. भारतीय मूल्यों का सजीव चित्रण शैलेंद्र कुमार जी ने अपने गीत में कैसे किया है? अपने शब्दों में लिखिए?

12. सोहनलाल द्विवेदी जी ने प्रकृति के माध्यम से हमें सुंदर संदेश दिया है? कविता पाठ के आधार पर समझाइए?

IV. किसी एक प्रश्न का उत्तर 6 या 8 पंक्तियों में लिखिए । 6

13. किसानों और मजदूरों के बारे में सोचना और उनकी सहायता करना हमारा कर्तव्य है। - गानेवाली चिडिया के द्वारा कैसे समझाया गया?

14. युगरत्ना श्री वास्तव ने अपने भाषण में किन विषयों पर जोर दिया है? अपने शब्दों में लिखिए।

V. किसी एक का उत्तर लिखिए । 5

15. आपके गाँव में ग्रामोत्सव होनेवाला है। उसमें भाग लेने के लिए छुट्टी माँगते हुए कक्षाध्यापक के नाम पत्र लिखिए।

16. आपकी पाठशाला में वृक्षारोपण कार्यक्रम चल रहा है। उसका महत्व समझाते हुए छोटे भाई के नाम पत्र लिखिए।

VI. किसी एक विषय पर निबंध लिखिए । 5

17. पर्यावरण हमारा रक्षा कवच है। पर्यावरण संरक्षण में हमारा दायित्व क्या है? अपने शब्दों में लिखिए?

18. 'विद्यार्थी-जीवन मानव जीवन का वसंत काल है। - विद्यार्थी को अपना जीवन कैसे बिताना चाहिए। लिखिए?

Regd.No. [ ] **22-B** Marks: [ ]

# SUMMATIVE ASSESSMENT - I (2017 - 18)
## Second Language - HINDI
### PART - B

CLASS : IX (Max . Marks : 20)

Name of the student : ............................................................ Roll No : ..........

| शैक्षिक मापदंड | अर्थग्राहयता - प्रतिक्रिया | अभिव्यक्ति सृजनात्मकता | भाषा की बात | कुल |
|---|---|---|---|---|
| कुल अंक | 20 | 40 | 20 | 80 |
| प्राप्तांक | | | | |
| श्रेणी | | | | |

*सूचना* :- 1) भाग 'B' के प्रश्नों के उत्तर, प्रश्न पत्र में ही लिखिए ।
2) भाग 'B' के लिए समय आधा (1/2) घंटा निर्धारित है ।

विशेष सूचनाएँ : 1. सभी प्रश्नों के लिए समान अंक निर्धारित हैं ।
2. प्रश्नों के उत्तर सामने दिये गये कोष्ठक में लिखिए ।
3. काटे हुए या बदले हुए उत्तरों को अंक नहीं दिये जायेंगे ।

निर्देश के अनुसार उत्तर दीजिए । 20 X 1 = 20

1. माँ को देखते ही शिशु <u>प्रफुल्लित</u> हो उठा।
(रेखांकित शब्द का अर्थ पहचानिए) [ ]
A) आनंद से विकसित B) दुखित C) मुरझाकर D) कूदकर

2. अच्छे काम करने से <u>यश</u> मिलता है। (रेखंकित शब्द का विलोम शब्द पहचानिए) [ ]
A) सुयश B) प्रयश C) अपयश D) दुर्यश

3. राजा की आँखों में खुशी के <u>आँसू</u> आ गये। (रेखांकित शब्द का तत्सम रूप पहचानिए) [ ]
A) अश्रु B) आँख C) चक्षु D) अक्षि

4. चिडिया की अनुपस्थिति में राजा <u>अस्वस्थ</u> हो गया। (रेखांकित शब्द का उपसर्ग पहचानिए) [ ]
A) अस्व B) अ C) स्थ D) स्व

5. <u>परतंत्रता</u> गुलामी के बराबर है।(रेखांकित शब्द में प्रत्यय पहचानिए) [ ]
A) तंत्रता B) त्रता C) ता D) पर

6. हर बालक को पर्यावरण की शिक्षा के प्रति जागरूक करना होगा [ ]
(रेखांकित शब्द का संधि विच्छेद करने पर)
A) पर्या+वरण B) पर्या+आवरण C) पर्या+रण D) परि+आवरण

7. मानव जीवन सुख-दुख का संगम है। (रेखांकित शब्द का समास पहचानिए) [ ]
A) द्वंद्व समास B) द्विगु समास C) तत्पुरुष समास D) कर्मधारय समास

8. सोहनलाल जी का जन्म सन् 1906 में हुआ। (रेखांकित संख्या को हिन्दी अक्षरों में पहचानिए) [ ]
A) उन्नीस सौ छह B) अठारह सौ छह
C) उन्नीस हजार छह D) सत्रह सौ छह

9. नभ कहता है, फैलो इतना।। (वाक्य में संज्ञा शब्द पहचानिए) [ ]
A) फैला B) इतना C) कहता D) नभ

10. हमें मेहमान जान से प्यारा है।(वाक्य में सर्वनाम शब्द पहचानिए) [ ]
A) मेहमान B) जान से C) हमें D) है

11. बच्चों की बोली मीठी होती है। (वाक्य में विशेषण शब्द पहचानिए) [ ]
A) बच्चों B) मीठी C) बोली D) होती है।

12. चिडिया के संगीत की धूम मच गई। (क्रिया शब्द पहचानिये) [ ]
A) चिडिया B) संगीत C) की D) धूम मच गई

13. चीता तेजी से दौडता है। (क्रिया विशेषण शब्द पहचानिए) [ ]
A) चीता B) तेजी से C) दौडता D) है

14. नेता को पर्यावरण-संरक्षण पर सोचना चाहिए।(स्त्रीलिंग रुपी वाक्य पहचानिए) [ ]
A) नेत्री को पर्यावरण-संरक्षण पर सोचना चाहिए।
B) नेत्री को पर्यावरण-सुरक्षण पर सोचनी चाहिए।
C) नायिका को पर्यावरण-संरज्ञण पर सोचनी चाहिए।
D) नायकी को पर्यावरण-संरक्षण पर सोचनी चाहिए।

15. बालक भाषण सुनता है। (बहुवचन वाक्य पहचानिए) [ ]
A) बालकों भाषण सुनते हैं। B) बालकें भाषण सुनते हैं।
C) बालक भाषण सुनते हैं। D) बालिकाएँ भाषण सुनती हैं।

16. मन - गहराई लाना है। (उचित कारक चिह्न पहचानिए) [ ]

A) से B) को C) पर D) में

17. शुद्ध रूप पहचानिए। [ ]

A) हमारे दिल में सफाई रहती है। B) हमारी दिल में सफाई रहती है।

C) हमारे दिल में सफाई रहता हैं। D) हमारे दिल में सफाई रहते हैं।

18. सही क्रमवाला वाक्य पहचानिए [ ]

A) मरते जा रहे हैं ध्रुवीयभालू B) भालू मरते जा रहे है ध्रुवीय

C) ध्रुवीय भालू मरते जा रहे हैं। D) भालू ध्रुवीय मरते जा रहे हैं।

19. भारतीयों के होंठों पर सचाई रहती है, (काल पहचानिए) [ ]

A) वर्तमान काल । B) भूतकाल।

C) समान्य भूतकाल। D) भविष्यत काल।

20. <u>मतलब के लिए अंधे होना</u> मानव धर्म नहीं हैं।(मुहावरे का अर्थ पहचानिए)[ ]

A) अर्थ कमाना B) अर्थ जानना

C) स्वार्थी होना D) अंधा होना।